100 Years 1920-2020 University of Lucknow Centenary Year लखनऊ विश्वविद्यालय शताब्दी वर्ष

# University in News on 09 September 2022

## i-NEXT PAGE 4

# पीएचडी छात्रों की हॉस्टल आवंटन सूची हुई जारी

**चीफ प्रोवोस्ट ने 12 सितंबर तक चयनित शोधार्थियों को प्रक्रिया पूरी करने का दिया समय**



**LUCKNOW (8 SEPT):** लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई साल बाद पीएचडी करने वाले छात्रों को हॉस्टल की सुविधा दी है. इसके लिए अभ्यर्थियों से मांगे गए आवेदन के आधार पर हॉस्टल के लिए पात्र पाए गए छात्रों की सूची गुरुवार को जारी कर दी गई. इन सभी को बलरामपुर हॉस्टल आवंटित किया गया है. चयनित छात्रों को 12 सितंबर तक सभी प्रक्रिया पूरी करने और फीस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन और चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने इस संबंध में नोटिस जारी की.

### बाहर रहना पड़ रहा था

लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीरबल साहनी हॉस्टल पीएचडी छात्रों को आवंटित किया जाता था, लेकिन कई साल से उसमें निर्माण कार्य आदि होने की वजह से आवंटन बंद कर दिया. इससे पीएचडी छात्रों को विश्वविद्यालय के बाहर रहना पड़ रहा था. अब शैक्षिक सत्र 2022-23 से इन छात्रों को बलरामपुर हॉस्टल में रहने की सुविधा दे दी गई है.

### जारी की गई सूची

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि 25 अगस्त से तीन सितंबर तक हॉस्टल के लिए पीएचडी छात्रों से आवेदन लिए गए थे. 19 छात्रों ने आवेदन किया, इनमें से सिर्फ 11 छात्र हास्टल के लिए अर्ह पाए गए. उनकी सूची जारी कर दी गई है. वहीं पीएचडी के जो नए प्रवेश होंगे, उनमें से भी अर्ह छात्रों को हास्टल आवंटित किया जाएगा.

### कोर्स वर्क परीक्षा 10 को

लखनऊ विश्वविद्यालय के जियोलाजी विभाग ने पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के लिए तिथि तय कर दी है. पेपर-1 की परीक्षा 10 सितंबर को सुबह नौ से 12 बजे तक और पेपर-2 की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी. विभाग के हेड प्रो. अजय मिश्रा ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लखनऊ विश्वविद्यालय | प्रॉक्टोरियल बोर्ड के साथ हरदोई जिले के परीक्षा केंद्रों का देखा हाल

# कुलपति ने जिलों में परीक्षाओं का किया निरीक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों में चल रही स्नातक दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं का कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने हरदोई जिले में स्थित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया।

उन्होंने हरदोई स्थित श्री नारायण सिंह महाविद्यालय ककरा घाट शाहाबाद, स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय शाहाबाद तथा एसएस महाविद्यालय शाहाबाद का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने कॉपी-पेपर का मिलान किया और विद्यार्थियों से भी बातचीत की। उन्होंने कमरों में निर्धारित संख्या से अधिक विद्यार्थी होने पर भी पूछताछ की। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर शौचालयों में साफ.-सफाई और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कुलपति के साथ प्रो. निशी पांडेय, प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी तथा प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य थे।




कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण। - संवाद

### एलएलबी परीक्षा में पकड़ा एक नकलची

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालयों की एलएलबी इंटीग्रेटेड की बृहस्पतिवार से शुरू हुई परीक्षाओं में पहले दिन ही एक नकलची पकड़ा गया। नकलची न्यू कैंपस में पकड़ा गया। परीक्षा में पहली पाली में 39881 विद्यार्थी उपस्थित व 167 अनुपस्थित और दूसरी पाली में 12913 उपस्थित व 120 अनुपस्थित थे।

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन आज

**लखनऊ।** पैरा मेडिकल पाठयक्रमों के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी) शुक्रवार को होगी। लविवि मुख्य कैंपस को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 से दोपहर दो बजे के बीच होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

### बीसीए-डीफार्मा की आंसर-की जारी

**लखनऊ।** लविवि प्रशासन की ओर से आयोजित स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के क्रम में बृहस्पतिवार को बीसीए व डीफार्मा की भी आंसर-की जारी की गई। इससे पहले विवि प्रशासन ने 11 कोर्सों की आंसर-की जारी की है। जल्द ही परिणाम जारी होगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

### इंजीनियरिंग छात्र को 12 लाख का पैकेज



**लखनऊ।** लखनऊ विवि के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र जय प्रताप मिश्रा का प्लेसमेंट इक्विया कंपनी में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर हुआ है। उन्हें 12 लाख सालाना का पैकेज दिया जाएगा। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि जय प्रताप मिश्रा को एक आईटी कंपनी से 10 लाख सालाना का पैकेज ऑफर हुआ था। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने जय प्रताप मिश्रा को बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 4

# लखनऊ विवि में संयुक्त प्रवेश परीक्षा आज

■ **एनबीटी, लखनऊ:** लखनऊ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी। परीक्षा सुवह 11 से दोपहर दो वजे तक एलयू ओल्ड कैंपस में चलेगी। परीक्षार्थियों की अधिक संख्या के चलते परिसर में शांति व्यवस्था वनी रहे, इसके लिए एलयू प्रॉक्टर कार्यालय ने सात विंदुओ की गाइडलाइन जारी की है। एलयू चीफ प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने वताया कि विवि परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र देखकर ही सुवह दस वजे से गेट नंवर एक, दो और चार से अंदर आने की इजाजत रहेगी। परीक्षार्थियों को कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूरा पालन करना होगा।

## PIONEER PAGE 4

### एलयू के छात्र जय का 12 लाख प्रतिवर्ष पर हुआ प्लेसमेंट

**लखनऊ।** लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र जय प्रताप मिश्रा का प्लेसमेंट इक्विया कंपनी में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 12 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि जय प्रताप मिश्रा को अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियों जैसे कोलेबेरा, वर्जियो, मेड-टूर-.इजी एवं इडीयू-वर्सिटी से भी जॉब ऑफर मिल चुका है। अभी हाल ही में उन्हें एक आईटी कम्पनी से 10 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर हुआ था। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो आरएस गुप्ता ने जय प्रताप मिश्रा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

## HINDUSTAN PAGE 6

# पैरा मेडिकल की संयुक्त परीक्षा आज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों की संयुक्त पर्वेश परीक्षा होगी। परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरी परीक्षा पर कैमरों की नजर रहेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी। परीक्षार्थी गेट नम्बर एक, दो और चार से जा सकेंगे।

# जय प्रताप को 12 लाख का सालाना पैकेज मिला

**लखनऊ।** एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र जय प्रताप मिश्रा का प्लेसमेंट इक्विया कंपनी में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 12 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि जय प्रताप मिश्रा को अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियों से भी जॉब ऑफर मिल चुका है।

## TRUE TIMES PAGE 1

# कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक राय ने केंद्रों का किया निरीक्षण



**ट्रू टाइम्स संवाददाता**

कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हरदोई जिले में स्थित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया।

इन परीक्षा केंद्रों में श्री नारायण सिंह महाविद्यालय ककरा घाट शाहाबाद, हरदोई, स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय, अगमपुर, शाहाबाद, हरदोई तथा एस एस महाविद्यालय, अगमपुर, शाहाबाद, हरदोई शामिल थे।

इस निरीक्षण में कुलपति के साथ प्रोफेसर निशी पांडे और प्रॉक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी तथा प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य थे।

कुलपति ने परीक्षा केंद्रों पर शौचालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

## JAGRAN CITY PAGE I

# पीएचडी छात्रों के हास्टल आवंटन की सूची जारी

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई साल बाद पीएचडी करने वाले छात्रों को हास्टल की सुविधा दी है। इसके लिए अभ्यर्थियों से मांगे गए आवेदन के आधार पर हास्टल के लिए पात्र पाए गए छात्रों की सूची गुरुवार को जारी कर दी गई। इन सभी को बलराम्पुर हास्टल आवंटित किया गया है। चयनित छात्रों को 12 सितंबर तक सभी प्रक्रिया पूरी करने और फीस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन और चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने इस संबंध में नोटिस जारी की।

**इन्हें मिला हास्टल** : दीपक यादव, अमूल डरवारी, संदीप देसवाल, अजय सिंह, अनंत राम, धर्मेंद्र कुमार, अतुल वर्मा, अतुल कुमार सिंह, आशुतोष यादव, अभिनव वर्मा, इंद्र दमन तिवारी।

# 12 लाख रुपये के पैकेज पर छात्र का प्लेसमेंट

**जासं, लखनऊ :** लवि के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट में एक और उपलब्धि जुड़ गई। इस बार इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र जय प्रताप मिश्रा का प्लेसमेंट इक्विया कंपनी में एसो. साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 12 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।



जय प्रताप मिश्र

इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि जय को एक आइटी कंपनी से 10 लाख प्रतिवर्ष पैकेज के साथ अन्य प्रतिष्ठित कंपनियों से भी जाब आफर मिल चुका है। बस्ती के राजा बाजार इलाके में रहने वाले जय प्रताप ने विश्वविद्यालय के हास्टल में रहकर बीटेक कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई पूरी की।

### विधिक कार्रवाई की तैयारी

**लखनऊ :** लवि ने ट्विटर पर गलत ओएमआर शीट अपलोड करके छात्रों को भ्रामक सूचना देने के आरोप में आल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के खिलाफ विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के मुताबिक आइसा ने अपने ट्विटर हैंडल से बीकाम छठे सेमेस्टर परीक्षा की ओएमआर शीट को लेकर ट्वीट किया था। उन्होंने जो ओएमआर अपलोड की वह स्नातक प्रवेश परीक्षा की आंसर-की है। यह ओएमआर शीट 100 प्रश्नों की है, जबकि बीकाम छठे सेमेस्टर में 80 प्रश्न की ओएमआर शीट प्रयोग की गई है। (जासं)

### सीईटी-2022 आज

**लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में शुक्रवार को पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईटी)-2022 आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह 11 से दोपहर दो बजे तक होगा। गुरुवार को चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने इसके निर्देश जारी किए। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र देखकर गेट नंबर एक, दो व चार से अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। परीक्षार्थी अपने साथ कोई पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन व बैग आदि नहीं ले जा सकेंगे। (जासं)

## AMRIT VICHAR PAGE 6

# कड़ी सुरक्षा के बीच पैरा मेडिकल की संयुक्त परीक्षा आज

अमृत विचार संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पैरा मेडिकल पाठ्यक्रमों की संयुक्त प्रवेश परीक्षा होगी। परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरी परीक्षा पर कैमरों की नजर रहेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक होगी। परीक्षार्थी प्रवेश पत्र दिखाकर गेट नम्बर एक, दो और चार से भीतर जा सकेंगे। परीक्षार्थी अपने साथ कोई पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन, बैग आदि भीतर नहीं ले जा सकेंगे।

### जयप्रताप को 12 लाख पैकेज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र जय प्रताप मिश्रा का प्लेसमेंट इक्विया कंपनी में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 12 लाख के पैकेज पर हुआ।

### जारी हुई उत्तर कुंजी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश परीक्षा की उत्तर कुंजी गुरुवार को जारी कर दी हैं। जिन पाठ्यक्रमों की उत्तर कुंजी जारी की गई है उनमें बीजेएमसी, बीएलएड, एलएलबी (इंटीग्रेटेड पंच वर्षीय), बीवीए/बीएफए, बीबीए, बीएससी गणित, बायोलॉजी एवं कृषि, बीए, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स हैं।